an>

Title: Regarding power situation prevailing in Punjab.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : सभापति जी, पंजाब में बिजली का गहरा संकट चल रहा है। वहां पर 12 से 15 घंटे घरेलू बिजली में कट लग रहा है। धान की फसल के लिए तीन घंटे भी बिजली नहीं आ रही है और लघु उद्योग बंद पड़े हैं। बड़ी विडम्बना और अफसोस की बात है कि पंजाब के जो उप-मुख्यमंत्री हैं वे बयान दे रहे हैं कि पंजाब के पास बिजली सरप्लस है और यह बिजली हम पाकिस्तान को देने जा रहे हैं। बड़े अफसोस की बात है कि पंजाब अंधेरे में डूबा हुआ है और उप-मुख्यमंत्री पाकिस्तान को बिजली देना चाहते हैं। मैं माननीय ऊर्जा मंत्री के ध्यान में इस बात को लाना चाहता हूं कि इसमें इंटरवीन करके पंजाब को इस संकट से निकालें। धन्यवाद।